<u>हर घर तिरंगा रैली के अवसर पर महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन</u>

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन कार्यालय, नमामि गंगे देहरादून के तत्वाथान में आज दिनांक 13 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय पाबौ के स्मार्ट कक्ष में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश चन्द्र की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा रैली की थीम पर स्वंतंत्रता दिवस, जलवायु परिवर्तन, जल श्रोतो के पुनरोद्धार, देवीय आपदा एवं स्वच्छता उप-विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमे 42 छात्र- छात्राओं ने बड- चड़कर प्रतिभाग किया I कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा प्रायोजित हर घर तिरगे की थीम को ICT के माध्यम से प्रचारित करना एवं समुदाय की सहभागिता के साथ इस अभियान को सफल बनाना I कार्यक्रम का सुभारंभ नमामि गंगे के नोडल डॉ. मुकेश कुमार द्वारा छात्रों को हर घर तिरंगा रैली अभियान के उदेश्यों की जानकारी के साथ ही जीवन में आदर्श मूल्यों को धारण करने पर बल दिया गया तथा उक्त प्रतियोगिता के माध्यम से जन-मानस में विकास के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण के मूल्यों पर भी ध्यान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया I कार्यक्रम में कला एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन चित्रकला के माध्यम से दिया, जिसमे महाविद्यालय के निर्णायक समिति के सदस्यों डॉ0 सरिता एवं डॉ0 धनेन्द्र सिंह द्वारा प्रथम तीन छात्र - छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रथम तीन छात्राओं को विजेता घोषित किया गया I सांत्वना पुरस्कार विजेताओं में तृतीय स्थान पर कुमारी रितिका बी0 ए0 तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर कुमारी कशिश शाह बी0 ए0 प्रथम सेमेस्टर एवं प्रथम स्थान पर कुमारी शीतल रावत बी0 ए0 प्रथम सेमेस्टर की रही I विजेता छात्र - छात्राओं में तृतीय स्थान पर कुमारी वंशिका बी0 कॉम0 प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर कुमारी तानिया चमोली बी0 ए0 तृतीय सेमेस्टर एवं प्रथम स्थान पर कुमारी आशिका राणा बी0 ए0 पंचम सेमेस्टर की रही I इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश चन्द्र द्वारा सभी सफल एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र - छात्राओं को बधाई दी तथा अपने सन्देश में उन्होंने नमामि गंगे परियोजना के इस अभियान में सभी प्रतिभागियों को एक स्वयंसेवक के रूप में निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील भी की I कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे के नोडल एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 मुकेश कुमार द्वारा किया गया I उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारीयों द्वारा अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया गया I कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. धर्मेन्द्र सिंह द्वारा दिया गया I

कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों में डॉ. सुनीता चौहान, डॉ. सरिता, डॉ. धनेद्र सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह कर्मचारीगण श्रीमती सोनी, अनुराधा तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्रायें उपस्थित रहें I